छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

मुख्यालय, सेक्टर–24, ऑफिस कामप्लेक्स, ब्लॉक 7–ए, द्वितीय तल,
अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

क्र./स्थापना–1/प्ले.ए./2020/936 रायपुर दिनांक : 12/11/2020

//संशोधन सूचना//

निगम मुख्यालयीन पत्र कं 741 दिनांक 15.10.2020 के माध्यम से खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में चांवल उपार्जन कार्य हेतु प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से गुणवत्ता कर्मियों की सेवाएँ लिये जाने हेतु दिनांक 15.10.2020 को निविदा आमंत्रित किया गया है। उक्त निविदा में निम्नानुसार संशोधन करते हुए निविदा जमा/खोलने की अंतिम तिथि दिनांक 27.11.2020 निर्धारित किया गया है :–

निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि	15.10.2020
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	27.11.2020 अपरान्ह 3.00 बजे तक
निविदा खोलने की अंतिम तिथि	21.11.2020 अपरान्ह 4.00 बजे तक

निविदा दस्तावेज की कंडिका क्रमांक 2 – निविदाकारों को अमानत राशि के रूप में रू. 2,00,000/– (दो लाख रू. मात्र) छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड के नाम से रायपुर में देय बैंक डाफ्ट पृथक लिफाफा में जमा किया जाना अनिवार्य है। सफल निविदाकार की जमा अमानत राशि अनुबंध के समय जमानत राशि के रूप में सम्मिलित की जावेगी।

निविदा दस्तावेज की कंडिका क्रमांक 4 (I) – शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों में विभिन्न कार्यों हेतु मानव संसाधन उपलब्ध कराने का कम से कम दो वर्ष का अनुभव हो। साक्ष्य हेतु नियोक्ता द्वारा जारी कम से कम दो वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र एवं संतोषजनक सेवा देने संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

निविदा दस्तावेज की कंडिका क्रमांक 4 (II) – गत वित्तीय वर्ष 2017–18 एवं 2018–19 का फर्म के स्वयं का मानव संसाधन की सेवाएं उपलब्ध कराने का वार्षिक टर्न ओवर कम से कम रू. 25 लाख होने का चार्टेड एकाउंटेन्ट से सत्यापित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रमाण पत्र में मानव संसाधन सेवा के टर्न ओवर का उल्लेख होना अनिवार्य है।

(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)

प्रबंधक (प्रशासन)